an>

Title: Need to open AIIMS like super speciality hospital in Eastern Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान आकृÂष्ट कराना चाहूँगा। आज विशेÂषकर के उत्तर भारत के राज्यों में एम्स जैसे अस्पतालों की कमी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर से मैं चुनकर आता हूँ, वहाँ पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने एम्स की घोÂषणा की थी, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा उसकी औपचारिकता पूर्ण न हो पाने के कारण अभी तक वहाँ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मैं आपके माध्यम से माँग करना चाहूँगा कि आज उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र से, जिसे हम पूर्वांचल कहते हैं, वहाँ अभी एक सर्वे हुआ है, कैंसर जैसी घातक बीमारी का सबसे अधिक वहाँ पर अध्ययन पाया गया है और वहाँ से सबसे अधिक कैंसर के मरीज इलाज कराने आते हैं, चाहे एम्स में इलाज के लिए आते हों या मुम्बई के कैंसर हॉस्पिटल टाटा मैमोरियल आदि में जाकर के अपना इलाज कराने के लिए विवश होते हैं। जब तक उनको पता चलता है तब तक उनकी बीमारी बढ़ जाती है। कल ही मैंने अपने क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष श्री अशोक राय को बहुत प्रयास के साथ एम्स में भर्ती कराया और उसके बाद आज वे नहीं भी रहे। इसका हमें खेद है, मैं उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित करता हूँ।

मैं चाहूँगा कि एम्स जैसे अस्पतालों में जब तक हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोई एम्स जैसा हॉस्पिटल नहीं बन पाता है एक विशेÂष वार्ड की स्थापना की जाए, जहाँ पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए विशेÂष व्यवस्था हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति :

कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरो प्रसाद मिश्र को श्री शरद त्रिपाठी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।